## खबर संक्षेप



### अग्रसेन समाज द्वारा निकाली गई वाहन रैली

**कटनी।** शनिवार को दोपहर 3 बजे से श्री अग्रसेन उद्यान घंटाघर से विशाल वाहन रैली का शुभारंभ हुआ। रैली उद्यान से प्रारंभ होकर केपी संस चौक, खेर माता चौराहा, आजाद चौक, मिशन चौक, थाना तिराहा, कचहरी चौराहा, सिविल लाइन, गणेश चौक, शंकर टॉकीज रोड, स्टेशन चौराहा, सुभाष चौक, सिल्वर टॉकीज, ज्वाला चक्की चौराहा, स्टेट बैंक चौक, गर्ग चौराहा, गजानन टॉकीज चौराहा होते हुए अग्रवाल भवन से ओवरब्रिज पार कर अग्रवाल घाट पर सम्पन्न हुई। रैली में महिला, पुरुष एवं बच्चों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। जगह-जगह पूजन-अर्चन व अल्पाहार से स्वागत किया गया। अग्रवाल घाट पर अग्रवाल परिवार द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई।

### शिकायतों के निराकरण के मामले में कटनी टॉप टेन जिलों में शामिल

**कटनी।** कटनी जिला सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में टॉप टेन जिलों में शामिल है। कटनी जिले ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से प्रथम समूह के 28 जिलों में छठवां स्थान अर्जित किया है। राज्य शासन द्वारा शनिवार को प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 83.4 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर छठवां स्थान अर्जित किया है। कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में छठवें स्थान पर रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले ने बीते अगस्त माह में प्राप्त कुल 9 हजार 294 शिकायतों में से 49.41 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर कुल 83.4 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि सीएम हेल्पलाइन की निरंतर समीक्षा के परिणामस्वरूप कटनी जिला पिछले 12 माहों से लगातार प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है।

### जिले में अब तक 1060.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 20 सितम्बर तक कुल 1060.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1424.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1062.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

#### अधिकारियों एवं कर्मचारियों दिए निर्देश, कहा- नागरिकों को न हो कोई परेशानी

# शहर का भ्रमण कर कलेक्टर व एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोमवार से प्रारंभ हो रहे नवरात्र पर्व एवं विजयादशमी पर्व के दौरान कानून एवं शांति, सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां दुरूस्त करने की कवायद की जा रही है। शनिवार को कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रमुख पूजा पंडाल स्थलों, रावण दहन स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी ने खस्ताहाल रोड देखकर संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि जहाँ-जहाँ सड़कें खराब हैं उनकी शीघ्र मरम्मत कराई जाए ताकि यातायात व पैदल



आवाजाही सुचारु रहे। बिजली व्यवस्था बिजली विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी स्थानों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाए तथा जहाँ-जहाँ तार नीचे लटक रहे हैं उन्हें तत्काल ऊँचा किया जाए, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने थाना प्रभारियों की बैठक में निर्देश दिए कि संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी व सघन गश्त की जाए। ट्रैफिक एवं पार्किंग व्यवस्था बेहतर की जाए और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाए। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन और रावण दहन कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी/ड्रोन सर्विलांस सुनिश्चित किया जाए। भीड़ नियंत्रण और महिला-शिशु सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।

स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधा नगर निगम द्वारा स्वच्छता, पेयजल एवं प्राथमिक उपचार/ एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी विभाग एवं पूजा समितियाँ आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि त्योहार शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे त्योहारों को परस्पर सद्भावना, भाईचारे और शांति के साथ मनाएँ तथा प्रशासन एवं पुलिस को सहयोग प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# नवरात्र में मांस विक्रय बंद रखने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

शारदेय नवरात्र का आगाज सोमवार 22 सितंबर से हो रहा है। आदिशक्ति जगत जननी के 9 दिनों की आराधना के पर्व पर जिले में मांस की बिक्री न हो इसके लिए विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई। स्लीमनाबाद में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा स्लीमनाबाद थाना पहुंचकर तहसीलदार थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन को ज्ञापन सौंपकर थाना क्षेत्र अंतर्गत नौ दिनों तक मांस की दुकानें बंद रखी जाने की मांग की क्योंकि इस त्यौहार के दौरान मांस -मछली के विक्रय से हिन्दू धर्म के लोगों की श्रद्धा को चोट पहुँचती है जिससे पावन पर्व की गरिमा बनी रहे। साथ ही गरबा एवं देवी पंडालो मे प्रवेश केवल हिंदू श्रद्धालुओं तक सीमित हो, संदिग्ध तत्वों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाये!आयोजनों मे अश्लील एवं फ़ल्मी गीतों का प्रयोग निषेध हो, केवल पारम्परिक एवं भक्ति संगीत का उपयोग किया जाये। देवी पंडालो मे पुरुष व महिलाएं मर्यादित कपड़े ही पहनकर मंदिर मे प्रवेश करें। इस दौरान जिला सुरक्षा प्रमुख सानू ठाकुर, प्रखंड मंत्री मनोज मिश्रा, दीपक मिश्रा, अंकुश साहू,पंकज साहू,आकाश सिंह,अनुराग पटेल,अनुराग त्रिपाठी सहित विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सदस्य उपस्थित रहे।

#### रीठी एवं बड़वारा के दो दो शालाओं में प्रथम बैच का हुआ प्रशिक्षण

# विज्ञान एवं गणित के शिक्षकों को क्रिएटिव लर्निंग आधारित दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशन एवं कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान कटनी (डाइट) में विकासखण्ड रीठी और बड़वारा के सभी जन शिक्षा केंद्रों की दो-दो शालाओं के विज्ञान एवं गणित शिक्षकों का क्रिएटिव लर्निंग आधारित प्रथम बैच का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

क्रिएटिव लर्निंग के अंतर्गत गणित विषय में वर्गों का वर्ग, एक हजार वर्ष का कैलेंडर, कैलेंडर में गणित, शकुनि के पाँसे, रोचक टी एल एम, ए 4 साइज पेपर की विशिष्टता, परिमाप और क्षेत्रफल, दो और तीन विमीय आकृतियों की समझ एवं विज्ञान विषय में डी सी



मोटर, वायु चलित कार, डी आई वाय स्पीकर, कारटेशियन ड्राइवर, विद्युत लेपन, स्टार्च की पहचान, जंग लगने की प्रक्रिया, बोतल बवंडर, हूला हूप इत्यादि अवधारणाओं पर जिज्ञासु किट के माध्यम से प्रदर्शन करते हुए गहन चर्चा की गई।

उल्लेखनीय है कि आईआईटी गांधीनगर द्वारा यह जिज्ञासु किट तैयार की गई है तथा जिले की डाइट फैकल्टी वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी, व्याख्याता राकेश सिननरकर, ज्योति श्रीवास्तव, एपीसी सुवरण राजपूत एवं शिक्षक सुमित गर्ग एवं सत्येन्द्र कुमार मौर्य को गांधीनगर में पाँच दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।जन शिक्षा केन्द्र की दो शालाओं के विज्ञान अथवा गणित शिक्षक द्वारा विद्यालय जाकर कक्षा 6, 7एवं 8 के विद्यार्थियों को गणित एवं विज्ञान विषय की प्रायोगिक गतिविधियां की जाएंगी एवं दो माह पश्चात जन शिक्षा केन्द्र की सभी शालाओं के गणित एवं विज्ञान शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

डाइट प्राचार्य एम पी डुंगडुंग ने सभी बीआरसीसी एवं जन शिक्षकों को निर्देशित किया है कि सभी विद्यालयों में गणित एवं विज्ञान से संबंधित किट एवं अन्य संसाधनों का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करें।जिज्ञासु किट प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता के लिये जनपद शिक्षा केन्द्र बड़वारा की बीएसी प्रीती सोनी की सराहना की गई।साथ ही आदेश की अवहेलना करते हुए अनुपस्थित रहने पर रीठी बीआरसी को संबंधित बीएसी मुश्ताक अहमद के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने एवं अगले बैच में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिये।

## पोषण आहार की प्रदर्शनी लगाकर दी गई जानकारी




उमरियापान में पोषण माह के अंतर्गत कनौजा गांव में पोषण प्रदर्शनी तैयार की गई। बच्चों को पोषण के विषय में बताया गया। गर्भवती महिलाओं और बच्चों की आभा आईडी बनाई गई। माध्यमिक शाला कनौजा में किशोरी बालिकाओं को बीएमआई परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में हीमोग्लोबिन की जांच की गई।महिला बाल विकास सुपरवाइजर मंजू मिश्रा,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शशि कला,सोना काछी,गायत्री सुनीता जैन के अलावा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# अनुविभागीय कार्यालय में की जाएगी तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकतांत्रित समाजवादी पार्टी के द्वारा 27 सितंबर को अनुविभागीय कार्यालय में की जायेगी तालाबंदी की जाएगी। भूमियो में कब्जा किये जाने एवं आम एवं शासकीय रास्ता रोकने का अपराध दर्ज न करने के विरोध में लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संरक्षक रघु ठाकुर के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में ताला बन्दी की जायेगी। विगत 2 एवं 8 सितंबर को आन्दोलन /प्रदर्शन, ज्ञापन के बावजूद प्रशासन के द्वारा उचित कार्रवाई न करने के कारण लोसपा को ताला बन्दी हेतु विबश होना पड़ रहा है।

ज्ञात हो की ग्राम अमाडी तहसील बडवारा प. ह. नं.13,एवं प.ह.न.14 ग्राम बनहरा ख.न.1,2,4, 6, एवं 9 वाणी नार्ला व अमाडी करीब 20 एकड़ शासकीय भूमि कोटवारी भूमि छोटे झाड़ का जंगल आदि भूमि जिनकी की कीमत करोड़ों रुपए होगी जिस पर लोगों के द्वारा कब्जा किया जाकर शासन को क्षति पहुंचाई जा रही है ख.नं .441, 389, 390,446 442 443 445 449,438 कोटवारी भूमि 629 शंकर दाहिया वगैरह की भूमि 382 एवं उपरोक्त का निवास घर जिसे भूत बग्ला कहते हैं में लगभग 3 एकड़ भूमि कब्जे में की हुई है खसरा नंबर 384 आम रास्ता ढर्रा एवं सिंचाई विभाग की सड़क जो नहर के किनारे खसरा नंबर 447 446 निस्तार तालाब शासकीय जानवरों के पीने के पानी को कब्जे में लेकर कब्जा किया गया है जिससे पालतू एवं जंगली जानवर पानी पीने से बन्चित रहते हैं,जिसे तत्काल हटाए जाये,साथ उक्त भूमियों की नाप राजस्व विभाग की विशेष टीम गठित कराई जाये, जो उपरोक्त लोगों का दबाव, प्रभाव,और प्रलोभन में न आ कर निष्पक्ष रूप से उपरोक्त भूमिया कब्जा मुक्त कराये जाने संबंधी मांग लगातार पार्टी एवं ग्रामीण जनों द्वारा की जा रही है किन्तु उपरोक्त के दबाव,प्रभाव के चलते नहीं की जा रही। कलेक्टर, एसपी, तहसीलदार बडवारा से लगातार सार्वजनिक रास्ता में अवैध लोहे का गेट लगाने, उक्त लोगों के ऊपर अपराध दर्ज करने साथ ही इनके द्वारा कब्जा की गई भूमि कब्जा मुक्त किए जाने की मांग की गई पर उचित कार्रवाई नहीं किये जाने से व्यथित हो कर लोसपा संरक्षक रघु ठाकुर के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में विरोध स्वरूप तालाबंदी दिनांक 27/9/2025 को किया जोगा।

#### कीटनाशक निर्माण एवं कृषि फार्म का कराया गया भ्रमण

# महिलाओं को संरक्षित खेती एवं नर्सरी प्रबंधन का दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी द्वारा विकासखंड बहोरीबंद की ग्राम पंचायत अमंगवा की स्व-सहायता समूह की 33 महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।



इस क्रम में महिलाओं को सब्जियों में संरक्षित खेती के अंतर्गत पाली हाउस प्लास्टिक मल्चिंग ड्रिप एवं स्प्रिंकलर से सिंचाई फर्टिगेशन आदि का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। नर्सरी प्रबंधन के अंतर्गत पौध तैयार करने से लाभ पौधशाला के लिए स्थान का चुनाव, पौधशाला की तैयारी, भूमि उपचार, बीज उपचार, क्यारी निर्माण, बीज बोने की छिटकवा एवं कतार विधि, बीजों को ढकना, सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण एवं रोग नियंत्रण की जानकारी दी गई। साथ ही फसलों से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए उन्नतशील बीजों के गुण प्रजनक आधार प्रमाणित एवं सत्यरूप बीजों के विषय में बताया गया। उन्नत कृषि यंत्रों के अंतर्गत जुताई, निंदाई, गुड़ाई, बुवाई, कटाई एवं गहाई यंत्रों के उपयोग तथा कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित करने के लिए शासन द्वारा दी जा रही सुविधा की जानकारी दी गई।

इसके अलावा मृदा परीक्षण का नमूना लेने, गोमूत्र से बीजका उपचार एवं पांच पत्ती काढ़ा को बनाने का प्रयोग प्रदर्शन किया गया। कृषक खुशबू पति संजय लोधीके खेत में उन्नत कृषि यंत्र, मछली पालन, सब्जी उत्पादन, औषधीय एवं फलदार पौधे तथा ड्रिप सिंचाई का भी अवलोकन कराया गया।

#### विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का हुआ आयोजन

# आनंद की अनुभूति से जीवन में सकारात्मकता को मिलता है बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं आनंद विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों को आनंद की अनुभूति कराने एवं दैनिक कार्यक्रमों में सकारात्मक सोच विकसित करने की दृष्टि से विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत सभागार बहोरीबंद में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम राकेश चौरसिया, आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेजसिंह केशवाल और आनंद विभाग की मास्टर ट्रेनर उपस्थित हुए। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करते हुए पूजन- अर्चन के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत करते हुए परिचय प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला के प्रथम चरण में



आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले के द्वारा एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए आनंद विभाग के कार्यक्रमों और गतिविधियों से परिचित कराया गया।

एसडीएम राकेश चौरसिया ने कहा कि जीवन की भाग दौड़ में हम जीवन में सामंजस्य बनाते हुए व्यक्तिगत जीवन, सार्वजनिक जीवन, एवं सेवा कार्य के बीच में कैसे संतुलन बना सकते हैं और अपने व्यवहार में परिवर्तन करते हुए किस प्रकार से स्थाई आनंद प्राप्त कर सकते हैं। यही इस कार्यशाला का उद्देश्य है।इसलिए प्रतिभागी के रूप में उपस्थित विभिन्न विभागों के शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को पूर्ण मनोयोग से इस प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित रहकर आवश्यक गतिविधियों में सहभागिता करना है। जिससे आपके जीवन में सकारात्मक को बढ़ावा मिले।

जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल ने मध्य प्रदेश शासन के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद और आनंद विभाग के द्वारा रचनात्मक सोच विकसित करने की दृष्टि से आयोजित इस कार्यशाला में सहभागिता के लिए समस्त उपस्थित प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कार्यशाला में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की। प्रशिक्षण कार्यशाला में आनंद विभाग की मास्टर ट्रेनर के द्वारा जीवन का लेखा-जोखा, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर एवं मास्टर ट्रेनर अनिल कांबले के द्वारा सत्र चिंता का दायरा एवं प्रभाव का दायरा के माध्यम से जीवन में इस विषय की चिंता करें और किस विषय की चिंता ना करें, जानकारी प्रदान की गई, एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों में एकाग्रता और रचनात्मक सोच विकसित करने के तरीके बताए गए।

इस कार्यशाला में परामर्शदाता अवधेश बैरागी द्वारा मंच का संचालन एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद बहोरीबंद के विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह के द्वारा कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों, मास्टर ट्रेनर्स, प्रतिभागियों एवं सहयोगी जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# स्वच्छता व स्वास्थ्य के बतलाये गये फायदे, छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का हुआ परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

सेवा पखवाडा अभियान के तहत वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सेवा पखवाडा अभियान कार्यक्रम मे काउंसलर डॉ सुकन्या, उमंग काउंसलर डॉ अरविंद बैरागी, डॉ पी.के. तिवारी एवं दीपमाला लैब टेक्नीशियन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम प्रभारी डॉ महिमा तिवारी द्वारा कार्क्रम की रूप रेखा के बारे मे अवगत कराया इसके पश्चात डॉ सुकन्या द्वारा एड्स सम्बंधित जानकारी दी गई एवं विद्याथियों की काउंसलिंग की गई।

डॉ पी. के. द्वारा कुष्ठ रोग एवं चरम रोग की पहचान एवं उनके



इलाज की जानकारी दी गई। वहीं डॉ अरविंद बैरागी द्वारा किशोरावस्था मे होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलाव तथा उत्सुकता सम्बंधित कॉउंसलिंग की गई।

लैब टैक्नीशियन दीपमाला द्वारा छात्र- छात्राओं का रक्त परीक्षण हेतु रक्त सैंपल लिया एवं रक्तदान हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। 150 छात्र- छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही स्वच्छता, स्वास्थ्य के फायदे एवं नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ महिमा तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होती है क्योंकि इसके सकारात्मक कार्य हमेशा सकारात्मकता निर्मित करते हैं 1 शिविर हमेशा युवाओं में एक नई ऊर्जा का प्रवाह करते हैं क्योंकि इनमें एक के पूर्व निर्धारित दिनचर्या के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण का कार्य किया जाता है।

## खबर संक्षेप



### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत छात्रों को दिलाई शपथ

**बड़वारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में अध्ययन रत छात्र छात्राओं को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता पर शपथ दिलवाई गई। शुक्रवार को ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में कक्षा 12 वीं कला संकाय के छात्रों से निबन्ध पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगता में झंकार सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य देवेंद्र जायसवाल,सीबी परस्ते एवम विद्यालय का समूचा स्टाफ , छात्र छात्राएं तथा गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।

### पर्यावरण संरक्षण हेतु किया गया जागरूक

**कटनी।** युवाओं को प्रकृति एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्य का बोध कराने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जन को जोड़ने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में ग्रामीण एवं नगरीय निकाय में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत मेरा युवा भारत कटनी ( नेहरु युवा केंद्र ) द्वारा जिले के ग्राम पंचायत खरखरी, गुलवारा, कैलवारा खुर्द, अमकुही, खिरहनी, पौसरा एवं नगरीय निकाय अंतर्गत शासकीय महाविद्यालायीन अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खिरहनी, नेता जी सुभाषचंद्र बोस बालक छात्रावास कनकने, पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास कटनी, शा.अनु.जा.कन्या छात्रावास राय कॉलोनी, शा.महाविद्यालयीन अनु.ज.जा. बालक छात्रावास प्रेम नगर कटनी में पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के नेतृत्व में एवं सहयोगी युवा मंडल एवं महिला मंडल की सहायता से 1 जुलाई से 19 सितम्बर की समयावधि तक यह कार्यकम चलाया गया। अभियान के अंतर्गत पर्यवारण के प्रति जागरूकता पोस्टर एवं पंपलेट वितरण करते हुये युवाओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। साथ ही उत्साहित युवाओं द्वारा स्वयंसेवी भाव से अपनी मां के नाम पौधा रोपित किया गया।

### युवक पर चाकू से हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत नदीपार रविदास तिराहा पर बीते दिनों हुई चाकूबाजी की घटना में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि 10 सितम्बर की रात करीब 8:30 जब दीपक साहू 25 निवासी शिवाजी नगर पर पुरानी रंजिश के चलते छोटू परौहा, रूपेन्द्र ठाकुर व अन्य साथियों ने एकराय होकर जानलेवा हमला किया था। गंभीर रूप से घायल दीपक को पहले जिला अस्पताल और बाद में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अप.क्र. 794/25 धारा 296, 351(2), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। कोतवाली थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह, चौकी प्रभारी योगेश मिश्रा व टीम ने सक्रियता दिखाते हुए तीन आरोपियों छोटू उर्फ समीर परौहा 24, अमित उर्फ कल्लू सोनकर 22 और अभिलाष उर्फ अस्सू सेन 19 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। जहाँ से सभी को जेल भेज दिया गया है।

### ई-रिक्शा चोरी करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

**कटनी।** थाना कोतवाली पुलिस ने बैक्सी कंपनी के वर्कशॉप से चोरी हुए ई-रिक्शा की वारदात का खुलासा कर 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। फरियादी कमल पसरीजा ने 17 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी एजेंसी के वर्कशॉप (रचना नगर, नदीपार) से रात्रि में ई-रिक्शा क्र. एमपी-21 ZC-0527 चोरी हो गया। जांच में सामने आया कि वर्कशॉप का पूर्व कर्मचारी विकास तोमर अपने साथी हर्षित रैकवार के साथ ई-रिक्शा की बैटरी और टायर बेचने की फिराक में था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने चोरी की वारदात कबूल करते हुए बताया कि वर्कशॉप की जानकारी होने के कारण उन्होंने योजना बनाकर ई-रिक्शा चोरी किया था। पुलिस ने आरोपियों से ई-रिक्शा, बैटरी व टायर जब्त किए हैं।

## आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक में लिये गए कई निर्णय

# अप्रिय घटना होने से बचाव के लिए बिजली की लटकती तारों को व्यवस्थित करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सभी पर्वों और त्यौ हारों को अमन, शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की जिले की गौरवशाली परंपरा के मुताबिक इस साल भी पर्वों व त्यौंहारों को हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। सर्वसम्मति से यह निर्णय शनिवार को कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यसक्षता में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक में हुआ। बैठक में नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, गुरूनानक जयंती (प्रकाश पर्व) और क्रिसमस त्यौहार के आगामी महीनों में आयोजन के मद्देनजर पुलिस कंट्रोल में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता और एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल सहित पुलिस, प्रशासन, बिजली व नगरनिगम के अधिकारी मौजूद रहे।

इस वर्ष 30 सितंबर को जवारा विसर्जन और 1 अक्टूबर को समारोहपूर्वक दशहरा मनाया जायेगा। इसी प्रकार गुरूनानक जयंती पर वाहन रैली और जुलूस निकलेगा। वहीं सिंधी समाज द्वारा बाबा माधवशाह की बरसी आयोजन पर भी कार्यक्रम होंगे। इन सबके व्यावस्थित आयोजन को देखते हुये कलेक्टर ने नगर निगम को सड़कों की मरम्मत कर सुधार करने व प्रतिमा विसर्जन मार्गों में स्व चलित शौचालय और पेयजल की समुचित व्यसवस्थार करने के निर्देश दिए। उन्हों ने कहा कि प्राप्ता सुझाव के मुताबिक सभी प्रतिमायें तय क्रम और मार्ग से ही निकलेंगी। साथ ही कलेक्टंर श्री तिवारी ने जवारा विसर्जन और नवरात्रि में प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु समाजसेवियों, समितियों के प्रबंधकों और पदाधिकारियों से जिला प्रशासन व पुलिस के साथ सहयोग का आव्हा न करते हुये बिजली विभाग के अधिकारियों को ताकीद किया कि विसर्जन मार्गों में झूलते व लटकतें तथा कम ऊँचाई के बिजली के तारों को समय पर सुव्यवस्थित कर लेवें। ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

कलेक्टर ने सभी अनुविभाग व पुलिस थाना स्तर पर भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दुर्गा समितियों की पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नवरात्रि के मद्देनजर मातायें-बहनें और श्रद्धालु माता जी को जल चढ़ाते है। ऐसे में पुख्ता निगरानी के लिए सभी मंदिर प्रबंधन समितियां सीसीटीवी कैमरा लगवा लेती हैं, तो मॉनिटरिंग आसान हो जायेगी। एसपी ने कहा कि पुलिस बल और सीमित संसाधनों के बाद भी बेहतर कानून व्यवस्था प्रदान की जायेगी। उन्हों ने सभी आयोजन समितियों से आग्रह किया कि वे 5-5 वॉलेंटियर्स पुलिस को प्रदान करें। एसपी ने कहा कि समितियों को प्रतिमाओं को समय पर आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी निभायें। ताकि मार्ग में अनावश्यिक गतिरोध और यातायात बाधित न हो।

प्रतिमा विसर्जन एवं पंडाल हेतु डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्ताारक यंत्र के उपयोग हेतु संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, एसडीओपी, सीएसपी या पुलिस थाना से अनुमति प्राप्त करनी होगी। आजाद चौक से झंडा बाजार जुलूस मार्ग में तीन और 4 पहिया वाहनों को प्रतिबंधित करने का भी प्रस्ताााव मिला। जवारा विसर्जन 30 सितंबर को कटनी के मोहनघाट, गाटर घाट एवं अन्य चिन्हित स्थाान पीरबाबा, निवार नदी, हनुमान घाट, ट्रांसपोर्ट नगर तालाब के पास, बाबाघाट, तालाबों व घाटों पर नगर निगम द्वारा विसर्जन हेतु जल कुंड बनवाये जायेंगे।

# नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता के महत्व की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगमायुक्त तपस्या परिहार आईएएस के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत नगर निगम कटनी द्वारा शनिवार 20 सितंबर को नगर में स्वच्छता एवं जन जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यह संदेश प्रमुख रूप से दिया गया कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारा कर्तव्य है।

स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान वार्डों के मुख्य एवं अन्य मार्गों की विशेष सफाई, जल निकासी व्यवस्था, कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव, कचरे का उचित प्रबंधन आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अभियान के दौरान स्वच्छता मित्रों एवं सुलभ इंटरनेशनल सर्विस के सदस्यों द्वारा नगर के सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना रहा।

नगर के प्रमुख स्थानों पर विजन टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता जागरूकता नाटक प्रस्तुत किए गए। नाटकों के माध्यम से नागरिकों को गंदगी फैलाने के दुष्प्रभाव, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण तथा व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया। दर्शकों ने नाटकों का उत्साहपूर्वक अवलोकन किया और स्वच्छता अपनाने का संकल्प लिया। पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण पर नियंत्रण के उद्देश्य से सिंगल यूज पॉलीथिन पर प्रतिबंध संबंधी जागरूकता अभियान चलाया गया। नागरिकों से पॉलीथिन का उपयोग पूर्णतः बंद करने का आग्रह किया गया।

### बलात्कार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कटनी।** बिलहरी पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार धारा 137(2), 64(1) बीएनएस एवं 3/4 पाक्सो एक्ट का आरोपी पड़ुवा मोड़ पर बस का इंतजार कर रहा था। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा लेकिन घेराबंदी कर दबोच लिया गया।

*सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम कुरीतियों के दुष्प्रभावों की दी जानकारी*

# समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए लोगों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. प्रतिमा सिंह, और रिचा दुबे के कुशल नेतृत्व में शासन द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 20 सितंबर को गोद लिए गए ग्राम गुलवारा में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना था।

कार्यक्रम में एनएसएस की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, और लड़कियों की शिक्षा पर रोक जैसी सामाजिक कुरीतियों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। नाटक के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि लड़कियों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जाने चाहिए, क्योंकि वे देश का भविष्य हैं। इस प्रस्तुति ने ग्रामवासियों का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं और ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने नशे जैसी गंभीर समस्या से बचने के लिए प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहने की सलाह दी और विशेष रूप से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उनके प्रेरणादायी शब्दों ने उपस्थित लोगों में उत्साह का संचार किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. साधना जैन ने ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अपनाकर विभिन्न बीमारियों से बचा जा सकता है, जो ग्रामीण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. रोशनी पांडेय, डॉ. पी.सी. कोरी का सहयोग रहा।


## विधानसभा चुनाव 2028 को जीतने कार्यकर्ता कस लें कमर



पीसीसी चीफ जीतू पटवारी गत दिवस जिले के प्रवास पर थे जहाँ वें कटनी से बहोरीबंद कार्यक्रम मे शामिल होने जा रहे थे जैसे उनका काफिला स्लीमनाबाद के भेड़ा बाईपास पहुँचा वैसे कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। सैकड़ो की संख्या मे कार्यकर्ताओ की भीड़ देख पीसीसी चीफ गाड़ी से उतरकर कार्यकर्ताओ से भेंट की। साथ ही कार्यकर्ताओ को विधानसभा चुनाव 2028 को जीतने अभी से तैयारी करने को कहा। भाजपा की डबल इंजन सरकार की नाकामियाँ जन जन तक पहुंचने को कहा। भाजपा चुनाव नहीं जीतती बल्कि वोट चोरी कर सरकार बनाती जनता के बीच यह मुद्दा प्रमुखता के साथ उठाया जाये। कांग्रेस की सरकार बनते ही सभी आदिवासियों भाइयों की भूमि मुक्त कराकर आदिवासियों को दी जाएगी। सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओ पर जीतू पटवारी साहस दिखा दम भर दिया। इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पंडित प्रदीप त्रिपाठी, मंडलम अध्यक्ष राकेश साहू, आकेश जैन, आदित्य दुबे,दीपक तिवारी, अनुराग मिश्रा, रामनारायण यादव, शेखर यादव, गेंदलाल आदिवासी सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फॉगिंग अभियान के साथ पांच वार्डों में किया गया कीटनाशक दवा का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर में बदलते मौसम के दौरान मच्छरों के विनिष्टीकरण के साथ ही संचारी बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण रखने हेतु नगर निगम कटनी द्वारा विभिन्न वार्डों के मुख्य एवं अन्य मार्गों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुआं छोड़ने के साथ ही कीटनाशक दवाईयों के छिड़काव का कार्य अनवरत रूप से जारी है।

निगम के स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार मच्छरों पर नियंत्रण लगाने हेतु गठित दल द्वारा शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 35 के मुख्य एवं अन्य मार्गों में फागिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मेन बाजार के विभिन्न क्षेत्रों, भुमिया टोला बस्ती एवं मूंगा बाई कालोनी की विभिन्न गलियों,ओल्ड सिक लाइन सहित वार्ड के अन्य स्थलों में ई रिक्शा में स्थापित फागिंग मशीन से रासायनिक धुआं छोड़कर मलेरिया एवं मच्छर जनित अन्य संक्रामक बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण लगाने के प्रयास किए गए। इस अभियान से नागरिकों को काफी राहत भी मिल रही है।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि मच्छरजनित बीमारियों से बचाव हेतु स्वास्थ्य अमले द्वारा शनिवार प्रातः कालीन सफाई कार्य उपरांत वार्ड क्रमांक 9, 10, 18, 32 एवं 42 के विभिन्न मोहल्ले, बस्ती एवं गलियों में स्प्रे पंप के माध्यम से कीटनाशक दवाइयों का छड़काव किया गया। नगर निगम प्रशासन द्वारा लगातार शहर की मलिन बस्तियों के साथ-साथ विभिन्न कॉलोनियों, सार्वजनिक स्थलों आदि जगहों पर कीटनाशक दवाईयों का सघन रूप से छिड़काव एवं फागिंग का कार्य कराया जाकर संक्रामक बीमारियों पर अंकुश लगाने हेतु एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं।

*स्वयं सेवकों द्वारा रैली निकाल परिसर के आसपास की सफाई*

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने विद्यार्थियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेड रिबन क्लब एवं इको क्लब द्वारा शासन के निर्देशानुसार प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा अभियान का प्रारंभ किया गया।

अभियान के शुभारंभ में विद्यार्थियों एवं स्टाफ के सदस्यों को 'स्वच्छता ही सेवा' की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अगले चरण में डॉ. अरविंद सिंह ने सभी को 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी दी। साथ ही बताया कि अभियान की सफलता के लिए जन जागरूकता एवं जनभागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी को एकसाथ मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। जबकि भाजपा मंडल महामंत्री पी डी ताम्रकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत को विकसित देश बनाने के लिए चलाएं जा रहे स्वच्छता ही सेवा एवं अन्य अभियानो से संबंधित जानकारी विस्तार से बताई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही में कार्यरत डॉ. पियूष तिवारी ने 'स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार' अभियान, रक्तदान एवं एड्स से जुड़ी भ्रांतियों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए अधिक से अधिक लोगों को इसके संबंध में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने कहा कि स्वच्छता अभियान सिर्फ अभियान तक ही सीमित ना रहे इसके लिए आवश्यक है कि लोगों के अन्दर स्वच्छता के प्रति जागरूकता आए और यदि प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हो गया तो फिर सम्पूर्ण भारत का वातावरण स्वच्छ हो जायेगा।

कार्यक्रम के अगले चरण में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवको, विद्यार्थियों एवं स्टाफ के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय परिसर के आस-पास रैली निकालकर एवं साफ-सफाई कर सभी लोगों से स्वच्छता ही सेवा अभियान में शामिल होकर अपने आस-पास एवं देश को स्वच्छ रखने में सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही सभी के द्वारा गांधी उद्यान में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने में सहभागिता करने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ रश्मी त्रिपाठी, प्रियंका तोमर, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. के. के. निगम, डॉ राकेश दुबे, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ शिवानी बर्मन, मनीष मिश्रा, डॉ. रूपा शर्मा, डॉ अरविन्द शुक्ला, अनीता सिंह, पवन दुबे, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, कृष्णपाल सिंह, सौरभ सिंह, पुष्पलता विश्वकर्मा, संतोषी तिवारी, सोनम पाण्डे, डॉ अरुण तिवारी, दीपक मिश्रा, डॉ चंद्रभान विश्वकर्मा, शंकर सिंह, महिमा तिवारी, आशीष तिवारी, अजय सेन, गणेश प्रजापति मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई एडवाइजरी

# बरसात के दिनों में दस्त, डायरिया रोग से करें बचाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बरसात के दिनों में दस्त, डायरिया होना आम बात है जो किसी को भी हो सकती है। सामान्यतः, दस्त कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाता है, लेकिन अगर यह लंबे समय तक बना रहे तो खतरनाक हो सकता है। यह शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स (जैसे सोडियम, पोटेशियम) की कमी का कारण बन सकता है, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। उल्टी-दस्त, डायरिया जैसे महामारी से अपना एवं अपने परिवार का बचाव बहुत ही आवश्यक है।

### दस्त, डायरिया क्या है

पेट मरोड़ के साथ में एक लम्बा एवं पानी जैसा पतला दस्त उसमें कुछ कण रहते हैं, व्यक्ति जब ऐसा मल त्याग करता है। उसे दस्त या डायरिया कहा जाता है। वहीं तीन-चार बार हो गया तो शरीर में अत्यधिक पानी, नमक और पोषक तत्व की कमी हो जाती है।

### दस्त, डायरिया क्यों होता है

दूषित पानी के कारण प्रायः दस्त रोग फैलता है। शुद्ध पेयजल की कमी के कारण देश में जलजनित रोगों से मौतें होती हैं। बारिश में यह समस्या बढ़ जाती है। मुख्य रूप से बच्चों में यह अधिक गंभीर रूप धारण कर सकता है। शरीर से अधिक पानी निकलने के कारण बच्चे की मृत्यु हो सकती है। इस बीमारी से बड़े व्यक्ति भी इस बीमारी के चपेट में आ सकते हैं जिनके अंदर बीमारी से लड़ने की क्षमता कम है।

### बीमारी से कैसे बचें

शुद्ध पानी पीयें, पोखर, झिरिया, नदी, नाली का पानी न पीयें। पेयजल के रूप में उबला पानी पिएं। शुद्ध ताजा भोजन का उपयोग करें। बासी भोजन न खाएं। बासी मांस भी न खाएं। कुछ भी खाने के पहले एवं शौच के बाद साबुन से अच्छी से तरह हाथ धोएं। सड़े-गले फल, सब्जियां, खाद्य पदार्थों का उपयोग न करें। खाद्य पदार्थों को ढक्कर रखें। मक्खी से बचाव करें। खुले में शौच न करें। शौचालय का उपयोग करें। व्यक्तिगत स्वच्छता एवं घर के आसपास साफ-सफाई रखें। कुएं में क्लोरीनेसन सप्ताह में एक बार जरूर करायें।

### परामर्श आवश्यक

डॉक्टर के परामर्श अनुसार दस्त के लिए टेबलेट फ्यूराजोलाडिन, मेट्रोजिल, डायक्लोमिन, मेट्रोक्लोरापामाइड जिंक की गोली, ओ.आर.एस. का घोल प्रत्येक दस्त के बाद पीते रहें। घर में खीरा, दही, शिकंजी, चावल का पानी तथा तरल पदार्थ अधिक मात्रा में सेवन करें। पोषण जारी रखें। ग्राम में आशा दीदी से जीवन रक्षक दवाईयां प्राप्त करें।

### उमरियापान को तहसील बनाने सीएम से की गई मांग

**उमरियापान।** बड़वारा पहुँचे मुख्यमंत्री मोहन यादव को भाजपा जिला मंत्री विजय दुबे ने पत्र सौंपते हुए उमरियापान को तहसील घोषित किये जाने की मांग किया है।जिला मंत्री विजय दुबे ने पत्र में कहा है कि उमरियापान उपतहसील लगभग 40 किलोमीटर के भौगोलिक क्षेत्र में फैली हुई है, जिसमें 62 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। साथ ही भारत का भौगोलिक केंद्र बिंदु भी इसी उपतहसील में स्थित है। इसके अलावा शासकीय महाविद्यालय और महर्षि विश्वविद्यालय भी यहीं पर स्थित हैं।इतने बड़े क्षेत्र को देखते हुए यहाँ तहसील का दर्जा मिलना बेहद आवश्यक है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि जनमानस की सुविधा एवं प्रशासनिक दृष्टि से उमरियापान को तहसील बनाकर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान की जाए।

# सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर धार्मिक स्थलों एवं आयोजनों में दोना, पत्तल एवं मिट्टी के बर्तन उपयोग करने दिए जा रहे जन जागरूकता संदेश जिले की जनपद पंचायत कटनी, विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा सहित समस्त जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता की गतिविधियां कराई जा रही हैं। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर जारी कैलेंडर के अनुसार गांव-गांव सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनों की मौजूदगी में शपथ दिलाई गई। हाट बाजार, शासकीय भवनों, स्वास्थ्य भवन, ग्राम पंचायत भवन, आंगनवाड़ी भवनों में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने ग्रामीणों की मौजूदगी में गांव- गांव शपथ दिलाए जाने की गतिविधियां हुई। धार्मिक स्थलों एवं आयोजनों में दोना,पत्तल एवं मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करने के लिए जन जागरूकता संदेशों के द्वारा नागरिकों को प्रेरित करते हुए जानकारी से अवगत कराया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण को प्लास्टिक की वस्तुओं एवं समान से होने वाली हानि से बचाने ग्रामीण जनों ने उत्साहपूर्वक शपथ ली की वे प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग नहीं करेंगे तथा अपने रिश्तेदारों,दोस्तों और शुभचिंतकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे।

बीसी श्रद्धा पांडे ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत विजयराघवगढ़ की विभिन्न पंचायतों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने संबन्धित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## खबर संक्षेप

### खण्ड शिक्षा अधिकारी नें किया स्कूलों का निरीक्षण

**दमोह।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी वाई.के कोरी ने 11 स्कूलों का निरीक्षण किया। इन स्कूलों में शासकीय उच्च माध्यमिक शाला हिंडोरिया, हाई स्कूल बलैपुर, बांदकपुर, इमलाई, बॉसा तारखेड़ा, धन गौर गुंजी बालाकोट मानक पटना बुजुर्ग इमलिया घाट टोरी शामिल हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्यों और शिक्षकों को प्रबल छात्रों की कक्षाओं का संचालन करने और शैक्षणिक कार्य में लापरवाही न करने के निर्देश दिए। अनुपस्थित प्रबल छात्रों को शैक्षिक कार्य करने हेतु ऑनलाइन और गृह संपर्क के माध्यम से निर्देशित किया गया। प्राचार्यों को प्रबल छात्रों की सूची वार्डन शिक्षकों को प्रदान करने और उनकी प्रोफाइल अपडेट करने के निर्देश दिए गए। तिमाही परीक्षा के परिणाम के बाद प्रबल छात्रों को सम्मिलित करते हुए विधिवत शिक्षण कार्य कराने और परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने के प्रयास करने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश अनुसार प्रबल छात्रों की उपस्थिति में वृद्धि हुई है, लेकिन अभी भी कुछ छात्र अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।बेहतर परिणाम लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### कार्यशाला में पटवारी करेगें सहभागिता

**दमोह।** राज्य आनंद संस्थान द्वारा सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों के आधार पर आधारित ₹आनंद की ओर₹ की 05 दिवसीय कार्यशाला 22 से 26 सितंबर 2025 तक आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी शाहपुरा भोपाल के लिये तहसील कार्यालय हटा पटवारी अभिषेक गर्ग सहभागिता करेगें।

### बैठक 26 सितम्बर को

**दमोह।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 26 सितम्बर 2025 दिन शुक्रवार को समय प्रातः 11.30 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सांसद राहुल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जायेगी। कलेक्टर एवं सदस्य सचिव, जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति मिशा सिंह ने इस संबंध में बताया कि बैठक में संलग्न एजेण्डानुसार चर्चा की जायेगी। उन्होने संबंधितो से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया।

संगठन की सूचना पर राजस्व अमले ने की कार्यवाही

# नोहटा जलाशय में अवैध मुरम उत्खनन का हुआ पर्दाफाश, जेसीबी मशीन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा तहसील के नोहटा जलाशय के आसपास लंबे समय से सड़क किनारे अवैध मुरम उत्खनन की सूचना मिली। भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचित किया। मौके पर पहुंचकर अवैध उत्खनन कर रही जेसीबी मशीन को रोका गया। संगठन के शोभा सिंह राजपूत ने जेसीबी मालिक से वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन कोई कागजात नहीं पाए गए। इसके बाद संगठन के संभागीय अध्यक्ष डॉ. सुजान सिंह ने नायब तहसीलदार राजेश साहू को मौके पर बुलाया। जांच में पाया गया कि लगभग 4 फीट गहरी और 30×80 फीट क्षेत्र में मुरम उत्खनन किया गया था। नायब तहसीलदार ने फोटो और वीडियो भी बनाए। इसके बाद पुलिस और तहसीलदार की मौजूदगी में पंचनामा तैयार किया गया, जिसमें संगठन के सदस्य धर्मेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह और आदिवासी विनोद सिंह ने हस्ताक्षर किए। नायब तहसीलदार राजेश साहू ने बताया कि संगठन की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जेसीबी जप्त की गई है। उन्होंने कहा कि दमोह में चल रही मीटिंग के बाद आगे की कार्रवाई की जानकारी साझा की जाएगी। संगठन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में जलाशय में अवैध उत्खनन की किसी भी कोशिश पर निष्पक्ष कार्रवाई न होने पर वे उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

### दमोह कृषि उपज मंडी में खरीदी व नीलामी 23 सितम्बर से

**दमोह** । दमोह कृषि उपज मंडी में आज व्यापारियों एवं मंडी प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक एसडीएम दमोह आर एल बागरी की मौजूदगी में मंडी कार्यालय के कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में मंडी में गत कुछ समय से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त करने एवं समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु गहन चर्चा की गई। बैठक में मंडी से संबंधित समस्त समस्याओं का निराकरण आपसी समन्वय से आगामी 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। प्रशासन एवं व्यापारियों के मध्य सकारात्मक समझौते के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि दमोह कृषि उपज मंडी में 23 सितम्बर 2025, दिन मंगलवार से खरीदी एवं नीलामी कार्य पुनः प्रारंभ किया जाएगा। मंडी प्रशासन द्वारा समस्त कृषक बंधुओं से आग्रह करते हुए कहा वे अपनी कृषि उपज निर्धारित तिथि से मंडी में लाएं एवं नियमित रूप से नीलामी प्रक्रिया में भाग लें।

**साइकिल रैली आज - दमोह।** म.प्र. शासन टूरिज्म बोर्ड भोपाल द्वारा जिलें में आज 21 सितम्बर 2025 को ₹**Sundey on Cycle**₹ कार्यक्रम भारतीय खेल प्राधिकारण कार्यालय प्रमुख के साथ समन्वय कर 'फिटनेशन का डोज आधा घंटा रोज₹ थीम पर आधारित साइकिल ग्रुप के माध्यम से उक्त इवेन्ट आयोजन किया जायेगा। इस सबंध में अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कहा साइकिल सवार बच्चों/छात्रों की रैली तैयार कर कार्यालय कलेक्टर परिसर दमोह से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुये घंटाघर /अस्पताल चौराहा होते हुये कार्यालय कलेक्टर परिसर दमोह में वापिस आयेगी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने की रायशुमारी....

# संगठन सर्जन अभियान के तहत ब्लाक कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा विधानसभा के ब्लाक कांग्रेस कमेटी जबेरा एवं उपब्लाक नोहटा में संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व विधायक प्रताप सिंह की उपस्थिति में दोनों ब्लाकों की बैठक हुई जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा कार्यकर्ताओ से रायशुमारी कर संगठन विस्तार कार्यकर्ताओ से सुझाव लिए। जिला अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा मुझे संगठन में आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जिला अध्यक्ष की जवाबदेही सौपी है। जिले के प्रत्येक कार्यकर्ता की लड़ाई लड़ने के लिए में वचन देता हूं। आपके लिए हमेशा खड़ा रहुगा भाजपा सरकार जन विरोधी नीतियों के खिलाफ गाँव गाँव जाकर विरोध करूंगा। पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने कहा कि हम सब मिलकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को आम जनता तक पहुचाने कार्य करेंगे। बैठक में उपस्थित,परम यादव, रजनी ठाकुर जिला पंचायत सदस्य, संजय चौरसिया सेवादल अध्यक्ष, बसंत कुशवाहा, राजकुमार सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य,रघुनंदन तिवारी, द्वारका सिंह ,गोविंद तिवारी,मुकेश रोहित, श्रीकांत तिवारी , सचिन तिवारी,सलीम कुरेशी,प्रमोद धनगर, रत्ना अहिरवार नितिन मिश्रा भागवत धनगर ,दीवान लोकेंद्र सिंह, अनिल खरे मोतीलाल यादव प्रताप तेकाम, दीपक यादव जनपद सदस्य, ओंकार पटेल गोलू तिवारी संध्या लोधी,सुनील सिंघई, रूपनारायण मिश्रा, केर सिंह लोधी, सुल्तान सिंह, इसराइल खान, राव किशोर सिंह,केशव राय, विनोद सैनी, संतोष रजक ब्लाक अध्यक्ष, भगवत सिंह, महेंद्र सिंह ,राजा खान, अजमत खान, रविराज लोधी, रतन सिंह राज राय, लाखन सिंह, प्रमोद यादव, मान सिंह लोधी, कमला अहिरवार, बबलू सिंह जनपद सदस्य, अनीता विश्वकर्मा, आदि समस्त कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

माडनखेड़ा ग्राम पंचायत का ऐतिहासिक निर्णय

# ग्रामीणों ने लिया नशा मुक्त गाँव बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

ग्राम पंचायत माडनखेड़ा में शनिवार को आयोजित ग्राम सभा में एक ऐतिहासिक और प्रेरक निर्णय लिया गया। गाँव के सभी ग्रामीणों ने मिलकर संकल्प लिया कि माडनखेड़ा को पूरी तरह नशा मुक्त ग्राम बनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत सरपंच जाहर सिंह लोधी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने एक स्वर में शपथ ली कि अब गाँव की सीमा में किसी भी प्रकार की अवैध शराब की बिक्री और नशे का कारोबार पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने न केवल नशा त्यागने का प्रण लिया, बल्कि यह भी तय किया कि यदि कोई व्यक्ति इस नियम का उल्लंघन करता है, तो वे स्वयं प्रशासन को सूचित करेंगे और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की माँग करेंगे। ग्रामीणों का मानना है कि नशा व्यक्ति और परिवार दोनों के जीवन को प्रभावित करता है, गरीबी और अपराध को बढ़ावा देता है, और सामाजिक विकास में बाधा डालता है। नशा त्यागने से माडनखेड़ा की नई पीढ़ी सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जी सकेगी, और गाँव जल्द ही एक आदर्श और अनुकरणीय ग्राम के रूप में पहचान बनाएगा। ग्राम सरपंच जाहर सिंह लोधी ने कहा, "हमारा उद्देश्य सिर्फ नशा खत्म करना नहीं, बल्कि एक स्वस्थ, सुरक्षित और शिक्षित गाँव का निर्माण करना है। सभी ग्रामीणों का सहयोग ही हमारे इस प्रयास की सफलता की कुंजी है।" इस कार्य क्रम में ग्राम के लोग एवं वा भगवती मानव कल्याण समिति के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे और उन्होंने संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# अनेक शासकीय कार्यालय में खाली पड़े पद, पशु औषधालय एवं कुछ स्कूल हुए कर्मचारी विहीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

सरकार द्वारा कार्यालय तो खोल दिए जाते हैं बड़ी-बड़ी योजनाओं का ऐलान भी किया जाता है लेकिन योजनाओं का समुचित लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए शासन के पास कर्मचारी है भी, या नहीं ,यह देखने सुनने की फुर्सत शायद शासन प्रशासन को नहीं है। गैसाबाद क्षेत्र की शासकीय संस्थाओं में अनेक पद कई वर्षों से रिक्त पड़े हुए हैं जिस ओर शासन प्रशासन का ध्यान नहीं पहुंच पा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार गैसाबाद पुलिस थाना के अंतर्गत आने वाली मुराछ चौकी में स्वीकृत पद तकरीबन 8 है लेकिन वर्तमान समय में चौकी पर एक भी पुलिसकर्मी तैनात नहीं है। मुराछ चौकी कर्मचारी विहीन हो चुकी है जिसकी वैकल्पिक व्यवस्था गैसाबाद थाना से चलाई जा रही है, गौरतलब है कि पुलिस महकमा जैसे संवेदनशील विभाग में कर्मचारियों की कमी होना विचारणीय पहलू है, ग्राम के पशु औषधालय में स्वीकृत पद 4 हैं लेकिन यहां पर भी एक भी कर्मचारी नहीं है औषधालय में ताला लगा रहता है। यह संस्था भी कर्मचारी विहीन है, हिनौता मडियादो, के पशु औषधालय कार्यालय भी कर्मचारी विहीन पड़े हुए हैं , ग्राम गरैह का मिडिल स्कूल जिसमें छात्रो की संख्या बड़ी तादात में हैं इन छात्रों को पढ़ने के लिए एक भी शासकीय कर्मचारी नहीं है यह स्कूल भी कर्मचारी विहीन है। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पूर्ण तरह से यह स्कूल अतिथि शिक्षकों के भरोसे संचालित हो रहा है। आयुष विभाग में कई वर्षों से कंपाउंडर एवं दवा सहायक का पद खाली पड़ा हुआ है उप स्वास्थ्य केंद्र में भी एक पद खाली पड़ा हुआ है सबसे अधिक हालत खराब तो विद्युत सब स्टेशन की है। जहां पर ग्राम गैसाबाद से जुड़े करीबन 50 गांव की विद्युत आपूर्ति के लिए सिर्फ एक लाइनमैन है जिसके भरोसे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था चलाई जा रही है। ग्राम के हाई स्कूल में अलग-अलग स्थानो पर शिक्षकों के लगभग 10 पद खाली पड़े हुए हैं जिसकी जिम्मेदारी अतिथियों को दी गई है। यह हाई स्कूल लगातार 30 वर्षों से फुल फ्रेश प्राचार्य के लिए तरस रहा है प्रभारी प्राचार्य काम चलाऊ व्यवस्था के रूप में, कार्यरत रहते हैं,ग्राम की उप तहसील कार्यालय तो बहुत बड़ी बनी हुई है शासन की तरफ से उसमें कर्मचारी भी तैनात है लेकिन कार्यालय में कोई भी कर्मचारी उपस्थित नहीं रहता हमेशा कार्यालय पर ताला लटकता रहता है। गौरतलब है कि जब एक छोटे से गांव गैसाबाद के शासकीय कार्यालयों के यह हालात बने हुए हैं बड़ी तादात में कर्मचारियों की संख्या में कमी देखी जा रही है, तो संपूर्ण मध्यप्रदेश के शासकीय कार्यालयों के हालात कैसे ?होंगे इस बात का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है, इस पूरे मामले पर एसडीएम हटा से प्रतिक्रिया लेनी चाही तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं हुआ।

# थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

आगामी नवरात्र पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति एवं दुर्गा समितियों के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने उपस्थित नागरिकों को शासन की गाइडलाइन से अवगत कराते हुए पर्व को उत्साह के साथ शांति से संपन्न कराने सुझाव मांगे गए। दशहरा चल समारोह एक दिन ही निकले इस संबंध में समिति के सदस्यों से कहा गया की नवदुर्गा की पंचमी तक एक दिन विसर्जन का तय कर ले, डीजे संचालकों को भी नियम का पालन करने की हिदायत दी गई वा अश्लील गाने बजाने के लिए मना किया गया। किसी प्रकार की अव्यवस्था कोई भी ना करे एवं व्यवस्था में सभी सहयोग करें। देवी पंडालों में पुलिस की व्यवस्था तो रहेगी मगर समिति सदस्य भी व्यवस्थाओं में सहयोगी बने। उपस्थित सदस्यों ने चल समारोह मार्ग की साफ-सफाई के साथ ही रास्ते में पड़ने वाली झाड़ियां की कटाई के साथ ही बड़ी देवी भवन मातनताल पर अल सुबह पुलिस व्यवस्था की मांग रखी गई। बैठक में समुचित थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, दुर्गा समिति के सदस्यों के साथ ही गणमान्य नागरिकों, पत्रकारगणों, सहायक उप निरीक्षक मुफीस अहमद के साथ ही पुलिस स्टाफ की उपस्थिति रही।

# आंगनबाड़ी के विद्यार्थियों को जरूरी सामग्री वितरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आदिवासी बाहुल्य ग्राम मसानडोल में प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी के विद्यार्थियों को शर्ट, पैंट, चप्पल का वितरण लायंस क्लब द्वारा किया गया। ग्रामवासियों को अच्छी हालत के पुराने कपड़े प्रेस-पैक किये भेंट किए गए। ग्राम वासियों ने बताया कि गांव तक पहुंच के लिए कोई सड़क या रास्ता न होना और कृषि योग्य भूमि न होने के कारण काफी पिछड़ापन है। लायन साथी राजेंद्र सिंह बग्गा, मनोज टंडन, लक्ष्मी अग्रवाल, सुधीर असाटी, राजेंद्र अग्रवाल, सुशील गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, निशांत चौरसिया, संजीत राय, डॉ.मनीष संगतानी, दिलीप जैन, अशोक छाबड़ा, सनमीत सिंह जुनेजा के साथ ही शाला के शिक्षक श्याम यादव और राजेश जैन की उपस्थिति रही।

# असाक्षरों की परीक्षा सम्पन्न



**पथरिया।** विकासखण्ड पथरिया से 2596 असाक्षरों ने परीक्षा दी, जिनकों भारत सरकार द्वारा साक्षर होने का प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का अंग है। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, जिसमें 15 से अधिक उम्र के निरक्षरों के साक्षर होने अभियान केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। 20 सितम्बर शनिवार को असाक्षरों की परीक्षा अक्षर साथियों,नोडल अधिकारियों, विकासखण्ड समन्वयक, बीएसी, जनशिक्षा केन्द्र प्रभारियों ने नवभारत साक्षरता परीक्षा पर्व तरह मनाया गया, परिणाम तत्काल फीडिंग करें। आप लोगों की मेहनत देखकर बधाइयां शुभकामनाएं जिनेन्द्र कुमार जैन बीआरसी एवं द्वारका प्रसाद विकास खण्ड समन्वयक आभार व्यक्त किया गया।

# 90 के दशक की फिल्मों पर आधारित एक्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दिनांक 20 सितंबर को अग्रवाल धर्मशाला दमोह में मध्य प्रदेश महिला महासभा के द्वारा 1990 के दशक में फिल्मों पर आधारित डायलॉग एवं एक्टिंग की प्रतियोगिता रखी गई मध्य प्रदेशमहिला महासभा पूर्व से ही हमेशा नए-नए आयामों पर प्रतियोगिताएं रखती है। इस प्रतियोगिता में दो भागों में प्रतियोगिता रखी गई एक 35 वर्ष से कम कि बच्चे महिलाएं दूसरा 35 वर्ष से अधिक। यह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश महिला महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रमा अग्रवाल जो महासभा के कार्यक्रम में अत्यंत सक्रिय होती हैं ने इस कार्यक्रम को सजाया ।आज की प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश महिला महासभा किया एवं इस प्रतियोगिता की प्रायोजक श्रीमती रमाअग्रवाल उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश महिला महासभा एवं श्रीमती खुशबू सुरेखा सदस्य मध्य प्रदेश महिला महासभा एवं निर्णायक की भूमिका में श्रीमती रोजी बग्गा एवं खुश तिवारी रही जिन्होंने सभी प्रतियोगियों को सराहा एवं सभी कलाकारों की बहुत तारीफ की । उन्होने बताया किइ सभी प्रतियोगियों ने अपनी कला से इतना प्रभावित किया है कि निर्णय लेना कठिन रहा है । आज के कार्यक्रम में जुदाई पिक्चर की एक्टिंग की प्रस्तुति श्रीमती रमा अग्रवाल और खुशबू सुरेखा ने दी, श्रीमती मंजू अग्रवाल और श्रीमती वंदना अग्रवाल ने सन्यासी पिक्चर की एक्टिंग की, अर्चना अग्रवाल रंजीता ने बीवी हो तो ऐसी एवं प्रियांशी ने दो कलियां फिल्मों पर डायलॉग दिए। वैशाली एवं प्रिया ने उपकार तथा करुणा निशा ने नसीब अपना अपना पर अपनी प्रस्तुति दी। श्रीमती सुमित अग्रवाल और श्रीमती मंजू अग्रवाल ने फिल्म पूरब और पश्चिम पर अद्भुत प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में श्रीमती राम अग्रवाल, उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश महिला महासभा युवा संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजबहादुर अग्रवाल, श्रीमती तारामणि जिला अध्यक्ष श्रीमती अंजलि अग्रवाल, नगर अध्यक्ष श्रीमती मंजू अग्रवाल सचिव श्रीमती अर्चना अग्रवाल सांस्कृतिक मंत्री श्रीमती रिद्धि अग्रवाल मीडिया प्रभारी श्रीमती निशा अग्रवाल मीडिया प्रभारी श्रीमती वंदना सह सचिव नेसक्रिय भूमिका निभाई यह कार्यक्रम बहुत ही भव्य एवं आनंद में रहा जिसमें समाज की बहिनोऔर महिलाओं ने बहुत ही बढ़कर हिस्सा लिया।

### चित्र आधारित प्रश्नोत्तरी का किया गया आयोजन

**दमोह।** शासकीय हाई स्कूल बरधारी में प्रखर भारत के अंतर्गत सतत एवं व्यापक अधिगम तथा मूल्यांकन में कक्षा नवमी एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं ने चित्र आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नवमी और दसवीं से उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें कक्षा नवमी से प्रथम स्थान महाराजा छत्रसाल सदन दूसरा स्थान दमयंती सदन तीसरा स्थान रानी दुर्गावती सदन एवं कक्षा दसवीं से प्रथम स्थान महाराजा छत्रसाल सदन दूसरा स्थान रानी दुर्गावती सदन तीसरा स्थान महाराणा प्रताप सदन ने प्राप्त किया। प्राप्त स्थान प्राप्त सदनों को शील्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य बी आर अहिरवार आरके दुबे एस के मुड़ा डी सी असाटी दशरथ पटेल श्रीमती रिचा सोनी एवं खिलान सेन की उपस्थिति रही।

# स्वच्छता अभियान चलाया




**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत गतिविधि में एनएसएस इकाई द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जी .पी .चौधरी जी के संरक्षण में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया । कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भारती चौरसिया एवं समिति सदस्य श्रीमती जया अहिरवार , डॉ शिरीन खान के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एन .पी . नायक, डॉ रेखा जैन , डॉ. अवधेश जैन, डॉ. मालती नायक, डॉ राजू अहिरवार, ब्रजेश मौर्य एवं समस्त प्राध्यापक , सहायक प्रध्यापक और समस्त कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे। छात्राओं ने महाविद्यालय कैंपस में श्रमदान किया तथा स्वच्छता अभियान चलाया।

## शून्य नदी महादेव घाट और बनवार बड़े घाट पर हुआ तर्पण....



**बनवार।** पितृ पक्ष के अंतिम दिन पितृ मोक्ष अमावस्या से एक दिन पूर्व शनिवार को शून्य नदी स्थित महादेव घाट और बनवार बड़े घाट पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और नगरवासी अपने पितरों को जल अर्पित कर तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान करते दिखाई दिए। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व माना गया है। मान्यता है कि इन दिनों पूर्वज धरती पर अपने वंशजों के पिंडदान, तर्पण और दान-धर्म से तृप्त होकर आशीर्वाद देते हैं। इसी परंपरा को निभाने के लिए लोग विधि-विधान से पंडितों के मार्गदर्शन में पूजा-अर्चना कर रहे थे। महादेव घाट पर भगवान भोलेनाथ शून्य नदी की मध्य धारा में विराजमान हैं। धार्मिक मान्यता है कि यह स्थल पितरों की शांति और मोक्ष के लिए अत्यंत पवित्र माना जाता है। यही कारण है कि आसपास के दर्जनों गांवों—रोंड, मझगवां मानगढ़, पटना मानगढ़, चिलौद समेत अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए यहां पहुंचे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में पीयूष दुबे, चंन्नू चौरसिया, जगत सिंह ठाकुर, मुकेश चौरसिया, आकाश चौरसिया, प्रताप यादव, जग्गी रैकवार, मनोहर सिंह, मनोज पाठक, कृष्णा राय, बब्बू राय, सर्वेंद्र राय, बबलू राय, केशव राय सहित कई परिवारों ने सामूहिक रूप से जल तर्पण किया। पूजा-अर्चना का संचालन पंडित बृजेश तिवारी ने कराया। उन्होंने श्रद्धालुओं को पितृ पक्ष के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि "पूर्वजों के आशीर्वाद के बिना जीवन पूर्ण नहीं होता। पितृ मोक्ष अमावस्या पर किया गया जल तर्पण पितरों की आत्मा की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है और परिवार में सुख-समृद्धि लाता है।" नदी किनारे दिनभर श्रद्धालुओं का जमावड़ा बना रहा। लोग अपने पूर्वजों को स्मरण कर विधि-विधान से अन्न, तिल, पुष्प और जल अर्पित करते रहे। घाट पर आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## बंद पड़े ट्रांसफार्मर की सुधार की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**नरसिंहगढ़।** नरसिंहगढ़ विद्युत मंडल अंतर्गत ग्राम नरसिंहगढ़ ग्वाल मोहल्ला में ट्रांसफॉर्मर में खराबी होने के करण ग्राम के लोगों ने चक्का जाम किया। लगभग 3-4 दिन से ट्रांसफॉर्मर बंद पड़ा था। बर-बर विद्युत मंडल में शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। चार दिन से बिजली नहीं आने के करण आक्रोशित ग्राम के लोगों के द्वारा दमोह छतरपुर हाईवे पर कृष्ण मंदिर के सामने महिलाओं के साथ भारी संख्या में ग्राम बसी रोड पर प्रदर्शन शुरू किया। दमोह छतरपुर दोनों और वाहनों की लंबी कतारे लग गई। मौके पर पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ बल पहुंचा। अभिषेक पटेल चौकी प्रभारी के साथ उनकी पूरी टीम मौजूद रही। विद्युत मंडल को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे कनिष्ठ

### ग्रामीणों ने लगाया जाम

अभियांत विद्युत मंडल ने नरसिंहगढ़ ग्राम वासियों से बात की लेकिन बात नहीं बनी। कुछ देर बाद अशवासन दिया कि आज शाम ट्रांसफॉर्मर रख दिया जाएगा इस बात पर ग्रामवासियों ने प्रदर्शन समाप्त किया। सुबह 11:45 पर दमोह छतरपुर हाईवे पर जाम लगाया गया जो लगभग एक से 1ढ़ घंटे तक लगा रहा। अशवासन मिलने के बाद ग्रामीणों का कहना है कि अगर आज ट्रांसफॉर्मर नहीं रखता है तो फिर हम लोग फिर चक्का जाम करेंगे। इस दौरान झल्लू पटेल, शरीफ मोहम्मद, रज्जू पटेल, वहीद खान, सारूफ खान, शाकिर खान, पप्पू महराज सहित महिलाएं और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पटवारियों द्वारा सिंचित भूमि को दर्शाया जा रहा असिंचित

**सिंगपुर।** जबेरा तहसील के सिंगपुर अंचल में पटवारियों द्वारा गिरदावाली में किसानों की भूमि को सिंचित भूमि को असिंचित दर्ज करने को लेकर किसानों में जमकर आक्रोश है। जबेरा तहसील के ग्राम सिंगपुर, भजिया, सलैया, अमदर, बनिया, पटना, कुआं सुनवराह बडेरा, सूरजपुरा, लालपुरा गिहलपुरा आदि गांव में किसानों का कहना है कि उन लोगो के खेतों में बोर है जिससे सिंचाई हो जाती है। लेकिन इसके बाद भी पटवारी द्वारा असिंचित दर्ज की जा रही है। किसानों ने बताया कि सिंचित जमीन में कम से कम 22-23 क्विंटल पैदावार होती है जबकि असिंचित भूमि में कम होती है। भूमि को असिंचित दर्ज करने से तुलाई के दौरान भी 7-8 क्विंटल की तुलाई हो पाती है जो कि किसानों के साथ अन्याय है। पटवारियों की लापरवाही व मनमानी का भुगतान किसानों को करना पड़ता है। किसानों ने कलेक्टर महोदय से निवेदन किया है कि पुनः सर्वे सही तरीके से कराकर सिंचित भूमि को सिंचित ही दर्ज कराने की कृपा करें ताकि कृषकों को सही पैदावार का सही विक्रय मूल्य प्राप्त हो सके। किसानो में सुरेश, विनीत, गोरे लाल चौरसिया, मनोज, मुकेश, बृजेश, मुन्ना, देव कुमार चौरसिया आदि ने कलेक्टर महोदय से न्याय की मांग की।

**किसान बोले : माल विक्रय में आती है परेशानी, कम होती है तुलाई**

## बांदकपुर एसबीआई एटीएम में तोड़फोड़ और चोरी का प्रयास

### अज्ञात चोर ने मचाई सनसनी

**दमोह।** दमोह जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र के बांदकपुर में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अज्ञात चोर ने एसबीआई एटीएम में तोड़फोड़ और चोरी करने का प्रयास किया। घटना की भनक लगते ही इलाके में सुनामी जैसी स्थिति बन गई। पुलिस ने बताया कि अज्ञात चोर ने एटीएम की मशीन में तकनीकी छेड़छाड़ की, लेकिन उसकी कोशिश नाकाम रही और कोई रकम चोरी नहीं हो सकी। घटना की सूचना मिलते ही बांदकपुर और हिंडोरिया पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच में जुट गई। सुरक्षा कैमरों और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से अज्ञात चोर की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर ने कहा, ₹अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर तकनीकी और फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी गई है। हम उसकी पहचान कर जल्द ही उसे पकड़ने में सफल होंगे। घटना ने स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर भारी चिंता पैदा कर दी है, खासकर रात के समय एटीएम के आसपास।

## अमृत सरोवर व सड़क की निष्पक्ष जांच की मांग

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रजवांस में विगत वर्षों में कार्यपालन यांत्रिकीय विभाग (आरईएस) दमोह द्वारा ग्राम घोगरी में अमृत सरोवर तालाब और सड़क की प्रशासकीय व तकनीकि स्वीकृति प्रदान की गई थी अमृत सरोवर की राशि करीब 27 लाख रुपए एवं सड़क की राशि करीब 29 लाख रुपए निर्धारित रही एवं संपूर्ण कार्य मनरेगा अंतर्गत मजदूरों से कराए जाने थे सड़क में तीन पुलिया,नाली,करीब 15 सौ मीटर लम्बी एवं 27 फिट चौड़ी सड़क आदि का निर्माण कार्य कराया जाना था। पुलियों में गुणवत्ताहीन घटिया सामग्री जैसे काली डस्ट,लाल पत्थर की रेत और सीमेंट का कम उपयोग किया गया है और जिसमें न तराई,छपाई करवाई गई। हैं जिससे पुलिया शीघ्र क्षतिग्रस्त हो गई उक्त सड़क में नाली निर्माण तो अलग बात है खुदाई के दौरान निकाली गई मिट्टी/मुरम/पत्थर सड़क पर ही वाहनों से डंप करवा दिए गए और न रोलर चलाया गया है जिससे आवागमन में लोगों को बारह माह भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा रहा हैं और बरसात के दिनों में अत्यधिक कीचड़ होने के कारण उक्त सड़क पर आवागमन में परेशानी होती हैं। योजना में नियमों जांच अधिकारी की जवाबदेही भी संदेह के घेरे में रही कि आखिर बिना मौके पर देखें कार्य का सुचारू रूप से संचालन रहा निर्माण कार्य प्रारंभ से पूर्व योजना का बोर्ड तक नहीं लगाया गया,शासन के नियमानुसार 60 प्रतिशत मजदूरी व 40 प्रतिशत सामग्री का अनुपात तय था लेकिन जानकारी अनुसार सामग्री बिलिंग निर्धारित अनुपात से ज्यादा निकासी की गई और मजदूरी प्रतिशत कम किया गया है जिसकी निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जांच होना चाहिए उक्त कार्य में दस किलोमीटर दायरे के बाहर के मजदूर मस्टररोल में फर्जी तरह से नाम चढ़ाए गए है एवं राशि भी निकाली जा चुकी है और इसी तरह फ़र्जी तरीके से सामग्री का बिल लगाकर पूरी राशि निकाली गई है अंतिम मस्टर 23/06/2024 को लगाए गए है। स्वीकृत योजना की कुल राशि के संबंधित सभी मस्टर और बिल भुगतान के लिए लगाए गए थे। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि गर्मियों के दिनों वर्ष 2023 में जेसीबी से खदान की सडक के किनारे की मिट्टी/मुरम/पत्थर निकालकर इसी खदान की रोड तरफ किनारे पर चढ़ाई गई है और इसी खदान की मिट्टी/मुरम/पत्थर खुदाई कर व परिवहन करवाकर मगरधा से रमपुरा (खजरी) की सडक निर्माण (अर्थवर्क) में उपयोग किया गया है और उन्होंने बताया कि करीब 30-40 वर्षो से निरंतर पत्थर/गिट्टी की नीलामी होती रहीं है जिससे ग्रह बहुत भारी भरकम खदान बन गई थी। क्षेत्र के जागरुक,जिम्मेदार लोगों द्वारा जिला प्रशासन से अमृत सरोवर व सड़क की निष्पक्ष जाँच जिलें के बाहर के अधिकारियों से करवाने की माँग की जा रही है ताकि हकीकत सबके सामने आ सकें कि आखिर किस तरह से केंद्र सरकार की योजना का मजाक बनाया गया और शासन की लाखों रुपए की राशि खर्च हो गई।



## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**तेजगढ़।** तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत हर्रई सिंगौरगढ़ के बेलपुरा मोहल्ला में एक महिला ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका का नाम अभिलाषा है और वह अपने पति रज्जू सिंह गौंड़ के साथ रहती थीं। मृतका की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर आवश्यक जांच प्रारंभ कर दी है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि मृतका के परिवार और पड़ोसियों से पूछताछ की जा रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। आगे की कार्रवाई रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

## महेश जैन सगरा वालों को पत्नी शोक



**दमोह।** शहर के वसुंधरा नगर निवासी महेश कुमार जैन ( सगरा वाले) रिटायर्ड मध्यांचल ग्रामीण बैंक की धर्मपत्नी श्रीमती आशा जैन का दिनांक 19 सितंबर स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में शहर के सभी वर्ग के नागरिकों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अस्थि संचय(खारी) दिनांक 21 सितंबर 2025 रविवार को सुबह 8:00 बजे होगा एवं 10:00 बजे देव दर्शन जैन मंदिर वसुंधरा नगर में है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## सत्य जानो, सत्य मानो और सत्यपूर्ण आचरण करो: पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

विरागोदय तीर्थ में दिगम्बर जैन पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने धर्मसभा में सम्बोधन करते हुए कहा कि- सत्य वही सत्य है, जो वास्तव में सत्य है। सत्य धर्म है। सत्य व्रत है। सत्य जानो, सत्य मानो, सत्यपूर्ण आचरण करो। सत्य जीवन है, यही सत्य है। जो दिख रहा है, वहीं सत्य हो यह जरूरी नहीं है और जो नहीं दिख रहा है वह न हो यह भी आवश्यक नहीं है। सुगंध होती है, पर दिखती नहीं । आत्मा होती है, पर दिखती नहीं। हमारे पूर्वज दिखाई नहीं दे रहे, पर वे थे। साधक जितना जितना परिचय बढ़ाएगा वह उतना उतना साधना से पतित होता चला जायेगा। अंतर्मुखी दृष्टि दी श्रेष्ठ है, जब जब हम बाह्य में प्रवृत्ति करते हैं तब-तब चित्त अशांत होता है। जो समीचीन विचारशील होता वह विकास प्राप्त करता है। विचारों की पवित्रता के अभाव में विनाश- ही- विनाश होता है। विचारों से ही व्यक्ति महान बनता है। विचार ही विकास की राह दिखाते हैं। विचार हमारी संस्कृति के परिचायक होते हैं। सर्वथा निमित्तों को दोष नहीं देना चाहिए। निमित्त तो सर्वत्र हैं, पर मानव विचारों के अनुसार निमित्तों से प्रभावित होता है। निमित्तों के पास व्यक्ति स्वयं पहुँचता है। विचारों के अनुसार मनुष्य साधन एकत्रित करता है। विचारों को सँभालो, निमित्त कुछ नहीं कर पायेंगे। गुणी ही गुणवानों की महिमा गाता है। गुण-ग्राही बनो। जैसी दृष्टि होगी, वैसी ही सृष्टि दिखाई देती है। परिणामों की विशुद्धि बढ़ाओ, अशुद्धि के कारण हटाओ । विशुद्धि बड़े वही कार्य करो। विशुद्धि घटे, अपयश मिले, वह कार्य कभी मत करो। दृष्टि पवित्र करो । उपादान शसक्त होता है, निमित्त तटस्थ होता है। पर से प्रभावित मत होना, स्वयं को सँभालो। माया छोड़ो, महात्मा बनो है। यश चाहिए तो साधुओं की सेवा करो। धनवान बनना तो दान करो। स्वस्थ रहना है तो शाकाहार करो। कर्मक्षय करना है, तो तप करो। मुक्ति प्राप्त करना है, तो निर्ग्रन्थ तपस्वी बनो।

## यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



**दमोह।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश पालन में श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं सुजीत सिंह भदौरिया अपुअ दमोह के मार्गदर्शन में 15 दिवसीय अभियान चला कर यातायात नियमों के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यवाही की जा रही है। अभियान अंतर्गत शहर के घंटाघर, बस स्टैंड, तीन गुल्ली पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर यातायात नियमों के संबंध में राहगीरों को जानकारी प्रदान की गई एवं पंपलेट वितरित किए गए। नुक्कड़ नाटक में स्थानीय कलाकार एवं आमजनों का प्रशंसनीय योगदान रहा। इसके साथ ही थाना यातायात एवं मारुताल चौराहे पर चेक प्वाइंट लगा कर 53 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई जिनसे कुल 16200/- प्रशमन शुल्क बसूला गया।

## तेंदुए की पुनः उपस्थिति से ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी

**तेंदूखेड़ा।** बगदरी वाटर फाल के पास दमोह जबलपुर मार्ग पर शुक्रवार रात्रि एक बार फिर तेंदुए को देखा गया, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जबलपुर से कार तेंदुखेड़ा की ओर आ रहे नरगुँवा निवासी राजकुमार ठाकुर एवं राहुल ठाकुर – ने देर रात्रि सड़क पर तेंदुए की उपस्थिति देखा ज्ञात होगी जानकारी के अनुसार काफी समय से तेंदुआ यहां घने जंगलों मैं पानी एवं पहाड़ों की गुफाओं के कारण अपना निवास स्थान बनाएं यह कोई पहली बार नहीं है इसके पूर्व भी शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात्रि को तेंदुआ एवं उसके चार शावकों को इसी जगह के आसपास देखा गया था स्थानीय लोगों के अनुसार, यह तेंदुआ पिछले कई वर्षों से इस क्षेत्र में सक्रिय है। हालांकि उसके द्वारा किसी भी को कोई नुकसान अब तक नहीं पहुंचाया गया है लेकिन लोगों में इस इस बात की जानकारी लगने के कारण रात्रि में आने-जाने में डर रहे हैं उपवन मंडल अधिकारी प्रतीक दुबे ने बताया कि तेंदुए की मौजूदगी को ध्यान में रखते हुए आसपास के गांवों में मुनादी करवा दी गई है एवं ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। साथ ही, वन विभाग की टीम रात्रि गश्त लगातार जारी रखे हुए है। वन विभाग आमजन से अपील करता है कि रात्रि के समय अनावश्यक आवागमन से बचें एवं किसी भी वन्य प्राणी की उपस्थिति की सूचना तुरंत नजदीकी वन विभाग कार्यालय को दें।

## बाबा अजगरा धाम पहुँचे पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी

### बोलेः धाम को हर सुविधा से सुसज्जित किया जाएगा



**दमोह।** धार्मिक आस्था के केंद्र सिद्ध बाबा महाराज अजगरा धाम में शनिवार को पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का आगमन हुआ। यहाँ आयोजित 21 दिवसीय हरे राम महामंत्र कार्यक्रम में मंत्री श्री लोधी ने भाग लेकर भक्तों के साथ हरे राम महामंत्र का जाप किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा योजना के तहत धाम परिसर में 11 पौधे रोपित किए गए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंत्री जी के समक्ष सड़क मार्ग सुधार और सामुदायिक भवन निर्माण की माँग रखी। जिस पर श्री लोधी ने आश्वस्त करते हुए कहा "धार्मिक आस्था से जुड़े इस धाम में किसी भी प्रकार की सुविधा की कमी नहीं रहने दी जाएगी, मैं हर संभव प्रयास करूँगा कि यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था मिले। धार्मिक अनुष्ठान के बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें मंत्री श्री लोधी ने प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया और अपने निवास स्थान नोहटा के लिए रवाना हुए। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह, आरक्षक चेन सिंह ठाकुर, तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह लोधी, नोहटा मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह लोधी, माडनखेड़ा से नाना सिंह लोधी, डॉ. अनूप सिंह लोधी, गोपाल सिंह लोधी, सरपंच लेकन सिंह गौड़, उप सरपंच डोमन सिंह लोधी, तथा लोधी हार्डवेयर के संचालक सुरेन्द्र सिंह लोधी।एव सभी पंचायतों के श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पटेरा में शांति समिति की बैठक संपन्न

### नवरात्र एवं दशहरा समारोह में परंपरानुसार होंगी व्यवस्थायें, एक को मनाया जायेगा दशहरा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



पटेरा पुलिस थाना सभागार में शारदेय नवरात्र एवं दशहरा पर्व को सदभाव पूर्वक मनाने शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी सरोज सिंह ठाकुर द्वारा आयोजित की गई। नवागत तहसीलदार उमेश तिवारी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। शांति समिति के सदस्यों के साथ ही सभी दुर्गा प्रतिमाओं के अध्यक्ष पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुये। शांति समिति की बैठक में बताया गया कि दशहरा पर्व नगर मे दसवें दिन क अक्टूबर को ही मनाया जायेगा। परंपरानुसार सभी दुर्गा प्रतिमायें रात्रि 9 बजे तक बस स्टेण्ड पर एकत्रित होंगी जहां जय दुर्गे अखाडा के खिलाड़ी अपने अजूबे करतब प्रस्तुत करेंगे। साढे दस बजे चल समारोह प्रारंभ होगा। विसर्जन स्थल पर सभी व्यवस्थायें की जायेगी। नवरात्र पर्व पर प्रतिदिन नगर परिषद द्वारा नगर में सफाई व्यवस्था सुचारू रहेगी। विद्युत व्यवस्था शाम 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक प्रतिदिन सुचूर रूप से व्यवस्था रहेगी। प्रातः भी दिन निकलने के बाद ही सड़को की लाईट बंद की जायेगी। विद्युत विभाग ने सभी दुर्गोत्सव समिति अध्यक्षों से अस्थाई कनेक्शन लेने का निवेदन किया। तहसीलदार ने जहां सभी बिंदुओ पर चर्चा की तो थाना प्रभारी ने सभी से अपनी अपनी समितियों के माध्यम से व्यवस्थायें बनाये रखने की बात कही व चल समरोह के जो निश्चित है की जानकारी दी। दशहरा चल समरोह में डी जे पर फूहड़ गाने नहीं बजेंगे व शराब पीकर मिलने वालो पर कडी कार्यवाही की बात अधिकारियों द्वारा की गई। जिसका सभी ने समर्थन किया। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों से भी जवाब लिया जायेगा। विद्युत प्रभारी के स्वयं अनुपस्थित रहने पर तहसीलदार श्री तिवारी ने ऐतराज जताया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल, पूर्व सरपंच देवेंद्र ताम्रकार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवार, पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष मोहन ताम्रकार, पार्षद पुष्पेन्द्र सोनी,हरपप्रसाद चौरसिया, रामकुमार ताम्रकार, नरेंद्र बजाज, दयाशंकर चौबे,जवाहर मिश्रा, पिंटू उपाध्याय, डा सत्यम सिंह राजपूत, शंकर तंतुवाय, गोविंद चौरसिया, नयन खरे, नितिन ताम्रकार, उमेश ताम्रकार, छोटू अग्रवाल, गनपत कोरी, परषोत्तम कुशवाहा सरपंच कुण्डलपुर, शिवा चौरसिया, विक्की ताम्रकार, वैभव ताम्रकार, पटवारी धर्मेन्द्र चक्रवर्ती, रहबर खान, नगर परिषद से उपयंत्री, कमलेश नामदेव, सुनील पांडे, दिनेश सहित सभी कर्मचारी शामिल रहे। अंत में आभार तहसीलदार श्री तिवारी ने माना।

## विहिप बजरंग दल ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

### धार्मिक आयोजनों में अश्लील गीतों पर लगाई जाए रोक



**हटा।** आगामी समय में नवरात्रि पूजा के साथ ही अन्य त्योहार होने जा रहे हैं जिसे हमारा हिंदू समाज बड़े ही धूमधाम साथ और श्रद्धापूर्वक मानता है लेकिन हमारे श्रद्धा और विश्वास पर तब चोट पहुंचाई जाती है जब धार्मिक आयोजन में फूहड़ एवं अश्लील गीतों की प्रस्तुति कर दी जाती है जिस पर रोक लगाने विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की। हिंदू संगठनों ने एसडीओपी को दिये गए ज्ञापन में उल्लेख कर मांग की गयी कि नगर में देवी उपासना के पर्व (नवरात्री) के अवसर पर, गरबा आयोजित करने / करवाने वाले समस्त आयोजको से अनुरोध है की ₹गरबा उत्सव₹ विशुद्ध रूप से माता के चरणों में अपने को समर्पित कर, माताए / बहिने और भाई, माई के. समक्ष नृत्य प्रस्तुत करते है। नृत्य में किसी भी प्रकार की अश्लीलता फूहड़ता न हो भक्तिमय गाने पर ही गरबा हो इस उत्सव (गरबा) में कोई भी विधर्मी जेहादी प्रवेश न करे जिससे धार्मिक स्थलों/मंदिरों के आसपास पुलिस गस्त बढाई जाए। ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशाशन से अनुरोध किया कि आयोजको को अनुमति प्रदान करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि आयोजन स्थल पंडालो के आसपास जेहादी आसामाजिक तत्त्व न रह पाए। शासन के द्वारा भी स्पष्ट निर्देश गरबा आयोजको को दिए जाए, माताओं / बहनों और बेटीयों पर कुदृष्टि रखने वाले जेहादियों पर त्वरित एवं सख्त कारवाही. सुनिश्चित हो। अन्यथा की स्थिति में विश्व हिन्दू परिषद् / बजरंग दल के कार्यकर्ता अनाधिकृत प्रवेश करने वालो को रोकने के लिए बाध्य होंगे। जिला उपाध्यक्ष बबलू राय ने कहा कि नवरात्रि पर्व केवल मनोरंजन का पर्व नहीं है बल्कि आस्था एवं भक्ति का प्रतीक है। यह मां दुर्गा की आराधना का समय है। लेकिन बीते कुछ वर्षों से शहर में गरबा डांडिया जैसी व्यावसायिक आयोजन बढ़ रहे हैं इन आयोजनों में अश्लील फिल्मी गीतों पर नृत्य किए जाने से नवरात्रि की पवित्रता और धार्मिक गरिमा को ठेस पहुंचती है और जो परंपरा के विरुद्ध है। जिस पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए। ज्ञापन देने वालों में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष बबलू राय, हटा अध्यक्ष भरत राय, पुजारी नीरज गोस्वामी, अजय चौरसिया, सुशील सेलट, पुष्पराज सिंह, राजेश पटेरिया, देवेंद्र पटेल, रावेंद्र सिंह, बालमुकुंद साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### आम सूचना

शपथकर्ता ममता जैन पति राजेन्द्र कुमार सिंघई उम्र 59 वर्ष निवासी मांगंज वार्ड न. 2 स्टेशन चौराहा के पास दमोह तह व जिला दमोह म. प्र. ने शपथपूर्वक कथन किया है कि मेरे दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम ममता जैन पति राजेन्द्र कुमार सिंघई लिखा हुआ है। विवाह के पूर्व से मेरा नाम ममता जैन चलता है व मेरी ससुराल में मेरा नाम ममता सिंघई चलता है एवं मैं अपने हस्ताक्षर ममता सिंघई के नाम से ही करती हू। अतः ममता जैन व ममता सिंघई दोनो मेरे ही नाम अर्थात एक ही व्यक्ति के नाम है व मुझे दोनो नामों से जाना पहचाना जाता है।

**शपथकर्ता : ममता जैन (ममता सिंघई)**
**पति राजेन्द्र कुमार सिंघई**
**निवासी मांगंज वार्ड न. 2 दमोह जि दमोह**